झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, नामकुम-तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची - 834010

e-mail id: jceceb@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी० / 03 / 24 –10 राँची / दिनांकः 15 / 04 / 2024

अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2024 एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2024 में पूछे गये प्रश्न पत्रों के उत्तर कुंजियों से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

दिनांक–14.04.2024 (रविवार) को सम्पन्न अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2024 एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2024 में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षाओं के चारों सेटों के प्रश्न पत्रों से संबंधित उत्तर कुंजियों(Answer Keys)को पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.Jharkhand.gov.in के "Download" कॉलमं में भारित (Upload) कर दिया गया है।

2. यदि किसी परीक्षार्थी को किसी प्रश्न पत्र के प्रकाशित की गयी उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो, वे दिनांक–19.04.2024 के अपराह्न 05.00 बजे तक अपनी आपत्ति / आपत्तियाँ, प्रमाण / तथ्य / साक्ष्य के साथ ई–मेल के माध्यम से भेज सकते है। आपत्ति दर्ज कराने के पूर्व सभी उत्तरों की समीक्षा कर लेने के पश्चात् ही समेकित आपत्ति की सूची, प्रश्न संख्या एवं प्रश्न पत्र के सेट के साथ, सूचीबद्व कर आपत्ति से संबंधित प्रमाणिक सबूत को स्कैन करके आपत्तियों के साथ पर्षद के ई–मेल controller.jceceb@gmail.com पर दिनांक–19.04.2024 तक भेजना सुनिश्चित करें।

आपत्ति "झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834010" के पते पर दिनांक 19.04.2024 तक हाथों–हाथ भी जमा किया जा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि के बाद पर्षद कार्यालय को प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा **इसके लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।**

परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार,

15/04/24

(**रंजीता हेम्ब्रम,** झा०प्र०से०)
उप परीक्षा नियंत्रक